




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 17 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 271 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# मुठभेड़ में दो लुटेरे मारे गए

## बदमाशों की फायरिंग में एसओजी के दो जवानों को भी लगी गोली, एक की हालत गंभीर



● आधा घंटे तक दोनों तरफ से तड़तड़ायीं गोलियां, इटावा में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देकर भाग रहे थे अपराधी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का शिकोहाबाद शुक्रवार सुबह गोलियों की तड़तड़हाट से गूंज उठा। यहां नगला कन्हई क्षेत्र में स्कूल के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से करीब आधा घंटे तक गोलियां चलीं। इस दौरान पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को मार गिराया। ये बदमाश इटावा में बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे थे। मुठभेड़ में एसओजी के दो जवान भी गोली लगने से घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गाजियाबाद से झारखंड जा रही संबलपुर एक्सप्रेस में दो बदमाश सवार हैं। सूचना के आधार पर इटावा एसओजी ने शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की घेराबंदी कर दी। इसी दौरान बदमाश ट्रेन से उतरकर भागने लगे। पुलिस के मुताबिक, घेराबंदी के दौ-रान बदमाशों ने एसओजी टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई के बीच दोनों बदमाश पास के गांव की ओर भाग निकले। एसओजी टीम भी बदमाशों का पीछा करते हुए गांव के अंदर जा घुसी। बदमाश गांव में ही स्कूल के पास जाकर छुप गए। एसओजी टीम ने मोर्चा संभालते हुए बदमाशों पर गोलियों को बौछार कर दी। एसओजी टीम ने आगे बढ़ते हुए दोनों बदमाशों को मार गिराया। बदमाशों की पहचान इटावा निवासी सुमित और अंकित उर्फ सीपू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को तीन बदमाशों ने मिलकर इटावा की फ्रेंड्स कॉलोनी में एक डॉक्टर के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें सोग और इटावा पुलिस ने एक बदमाश को कुछ घटना के कुछ घंटे के बाद मौके पर पकड़ लिया था। दो बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही थी। एसओजी के दो सिपाही डेविड चौहान और पुष्पेंद्र चौधरी को गोली लग गई। दोनों एसओजी के जवानों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। एसओजी जवान डेविड की हालत गंभीर है। उन्हें उपचार के लिए आगरा रेफर किया गया है।

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच आतंकी गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** आतंकवाद रोधी दस्ता ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच और संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिलाल आबिद शेरा, मोहम्मद अयूब काडीवाल उर्फ मोहम्मद खड़ियासन, मोहम्मद शफी मुखी उर्फ शफी चापी, मोहम्मद हसन क राडिया उर्फ हसन हैदरपुरी और मोहम्मद अयूब सुमासरा उर्फ मोहम्मद खली के रूप में हुई है। गुजरात ATS ने जिन पाकिस्तान आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े पांच संबंधित आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनका संबंध पिछले माह पकड़े गए आठ आतंकियों के साथ बताऐ जा रहे हैं।

### अहमदाबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट में बम की अफवाह से हड़कंप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल रात उस समय हड़कंप मच गया, जब अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में बम होने की धमकी भरी एक पर्ची मिली। हालांकि, जांच के बाद यह धमकी पूरी तरह अफवाह साबित हुई। जानकारी के मुताबिक, इंडिगो की यह फ्लाइट कल रात 8:00 बजे बेंगलुरु से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरने वाली थी। लेकिन टेक-ऑफ से ठीक पहले विमान के अंदर बम की खबर वाला नोट मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी भरा नोट मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत एक्शन में आ गईं। तय नियमों के तहत विमान को तुरंत सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने पूरे विमान, यात्रियों और उनके सामान की सघन तलाशी ली। लेकिन कहीं से कोई बम की बरामदगी नहीं हुई।

### इंडियन नेवी को मिला सीहॉक हेलीकाप्टर, समुद्र में बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को बड़ा बढ़ावा देते हुए, भारतीय नौसेना को एक और MH-60R सीहॉक नेवल हेलिकॉप्टर सौंपा गया है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इसे भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए बेहतरीन खबर बताया और कहा कि यह एडवांस्ड प्लेटफॉर्म इंडो-पैसिफिक में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा। भारत में अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को बताया कि पिछले हफ़्ते कोच्चि में भारतीय नौसेना को MH-60R सीहॉक सौंपा गया था, और इस हफ़्ते दो और हेलीकॉप्टर आने की उम्मीद है। एक्स पर यह जानकारी शेयर करते हुए गोर ने लिखा कि हमारी बढ़ती अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी के लिए बहुत अच्छी खबर! यह देखकर खुशी हुई कि यह एडवांस्ड क्षमता समुद्री सुरक्षा और एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को मजबूत कर रही है।

## अब बिना जेब वाले कर्मचारी ही करेंगे दान की गिनती

● चढ़ावा चोरी के बाद राम मंदिर में बदली प्रक्रिया



**अयोध्या।** चढ़ावा चोरी की घटना को लेकर संवेदनशीलता बरकरार है। जांच पड़ताल जारी है। चोरी के बाद चढ़ावा गणना की प्रकिया बदल गई है। यह प्रक्रिया अब द्विस्तरीय सुरक्षा निगरानी में हो रही है। इसमें पुलिस के अलावा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निजी सुरक्षा एजेंसी को भी सौंपी गई है। एजेंसी एसआइएस के कर्मियों को गणना द्वार पर तैनात किया गया है। यहीं पर पुलिस के जवान भी लगाए गए हैं। इस दो स्तर की जांच के पश्चात ही तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के तलघर में स्थित गणना कक्ष में कोई कर्मचारी प्रवेश हासिल कर पाता हैं। साथ ही निकलने के पहले भी कर्मियों की पूरी तलाशी होती है। कोई सामग्री कक्ष में नहीं जा रहा पा रही। एक पाली में लगभग छह से अधिक सुरक्षा कर्मी एक साथ लगाए जाते हैं। हालांकि इस पर ट्रस्ट अधिकारियों की ओर से अभी तक बयान जारी नहीं किया गया है।

## धिक्कार है आपके डाक्टर होने पर

● बच्ची को रेप के बाद उपचार न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकों को लगायी लताड़

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गाजियाबाद के दो निजी अस्पतालों और उनके डॉक्टरों पर एक 4 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को समय पर इलाज न देने के मामले में कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि अस्पतालों ने बच्ची की गरीबी को कारण उसकी जान बचाने की कोशिश नहीं की। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान गुस्से में कहा कि आपने उसकी गरीबी के कारण उसकी उपेक्षा की। एक पड़ोसी चॉकलेट दिलाने के बहाने 4 साल की बच्ची को घर से फुसलाकर ले गया था। बाद में वह पास में ही बेहोश और खून से लथपथ मिली। परिजन उसे दो निजी अस्पतालों में ले गए, लेकिन दोनों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया। परि-वार बच्ची को गा-जियाबाद के जिला अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पहली हाइड्रोजन ट्रेन को पीएम ने दिखायी झंडी

### भारतीय रेलवे के ऊर्जा परिवर्तन की नयी पहचान




● 10 कोच में 2600 यात्रियों के ले जाने की सुविधा

**जींद।** भारतीय रेलवे आज यानी शुक्रवार (17 जुलाई, 2026) को हरियाणा के जींद से देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन का संचालन शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अत्याधुनिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाया। यह परियोजना केवल एक नई रेल सेवा नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे के ऊर्जा परिवर्तन की नई पहचान है, जहां डीजल आधारित परिवहन से आगे बढ़ते हुए स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य की ऊर्जा तकनीक को अपनाया जा रहा है। बता दें कि जर्मनी व्यावसायिक हाइड्रोजन यात्री ट्रेनों को शुरू करने वाला पहला देश बन चुका है, जबकि फ्रांस, इटली, चीन और जापान प्रायोगिक परियोजनाओं या सीमित परिचालन पर काम कर रहे हैं। इन देशों की ट्रेनों में आमतौर पर दो से चार डिब्बे होते हैं और ये मुख्य रूप से क्षेत्रीय यात्री सेवाओं के लिए ही बनाई गई हैं, लेकिन जींद-सोनीपत मार्ग पर संचालित होने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में 10 कोच होंगे, जिनमें 2600 यात्रियों को एक साथ लाने-ले जाने की व्यवस्था होगी।

### मुर्शिदाबाद में पैसेंजर ट्रेन से टकराई स्कूल की वैन, दो छात्रों समेत 3 की मौत, 5 घायल

**कोलकाता।** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह हादसे में स्कूल वाहन यात्री ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में दो छात्रों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल अंतर्गत मुर्शिदाबाद के बहरमपुर थाना क्षेत्र में कर्णसुबर्ण और गोबिंदपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित लेवल क्रासिंग पर हुई। मृतकों में दो छात्र और एक साइकिल सवार शामिल हैं। एक निजी स्कूल का वाहन छात्रों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान रेल गेट खुला रहने के कारण वह लेवल क्रासिंग पार करने लगा और सामने से आ रही निमतिता-काटोया पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।



## सेंसेक्स 480 अंक उछला निफ्टी 24200 के पार

● घरेलू शेयर बाजार में बढ़ी रौनक



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान शानदार तेजी देखने को मिली। सूचना प्रौद्योगिकी (IT) कंपनियों के शेयरों में चौतरफा लिवाली के दम पर दोनों प्रमुख सूचकांक- सेंसेक्स और निफ्टी- मजबूती के साथ हरे निशान पर कारोबार करते नजर आए। शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 480.95 अंक की तगड़ी छलांग लगाकर 77,656.56 अंक पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 125.05 अंक की बढ़त के साथ 24,201 अंक के स्तर को पार कर गया। इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं, सन फार्मा, भारती एयरटेल, ट्रेंट और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर नुकसान में रहे।

## मर जाएंगे, मगर उपवास नहीं तोड़ेंगे

### जंतर-मंतर पर बीसवें दिन भी वांगचुक का आंदोलन जारी

● कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में कथित गड़बड़ियों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन जारी है। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल शुक्रवार को 20वें दिन में प्रवेश कर गई। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मुलाकात की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोनम वांगचुक बी-ती 28 जून से भूख हड़ताल कर रहे हैं। वहीं, आज कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मुलाकात की। उनका वजन नौ किलो से अधिक घट चुका है और उनका ब्लड प्रेशर भी लगातार कम हो रहा है। डॉक्टर सतीश लांबा ने बताया कि लंबे समय तक भोजन न करने के कारण उनके शरीर में काफी कमजोरी आ गई है। डॉ सतीश लांबा के अनुसार, आज सोनम वांगचुक का वजन 56.55 किलोग्राम दर्ज किया गया, जो पिछले 24 घंटे में 350 ग्राम कम हुआ है। वहीं, उनका ब्लड प्रेशर 108/68, ब्लड शुगर 70 mg/dL और हार्ट रेट 72 बीट प्रति मिनट है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 31.8⁰C
● तापमान न्यूनतम : 24.0⁰C

● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30

वाराणसी, 17 जुलाई, शुक्रवार, 2026 (2)









रथयात्रा मेले में पॉलीथिन के विरुद्ध किया जागरूक, चलाया उन्मूलन अभियान

# धानुका सिल्क की नयी शाखा का शुभारंभ



● हिन्दी सिने जगत् की अदाकारा शिल्पा शेट्टी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अर्दली बाजार महावीर मंदिर के समीप धानुका सिल्क के आठवें नये शो-रूम का गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा द्वारा फीता काट कर शोरूम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर धानुका सिल्क के गौरी शंकर धानुका और वर्षा धानुका की ओर से अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिनेत्री शिल्ली शेट्टी ने कहा कि बनारस की सिल्क की साड़ियां सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि बनारस की पहचान हैं। 'धानुका सिल्क' का अनुपम संग्रह अपने आप में विशिष्ट है जिसके परिधानों में बनारस की संस्कृति व शिल्प की साफ झलक दिखायी देती है। कार्यक्रम में शोरूम के अधिष्ठाता गौरी शंकर धानुका ने कहा कि यह शोरूम शहर के लोगों की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। शोरूम में बनारसी साड़ियां, डिजाइनर लहंगे, ब्राइडल कलेक्शन, लेडिज सूट, दुपट्टे और अन्य परिधानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। हम शिल्पा शेट्टी के आभारी हैं। यहां उनके पसंदीदा परिधानों का एक अलग काउण्टर बनाया गया है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह, गणपतराय धानुका, किरण धानुका, श्रेया धानुका सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे।

## 15-16 अगस्त को मनाया जाएगा श्याम झुलनोत्सव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्याम मंडल वाराणसी द्वारा आगामी 15व 16 अगस्त को महमूरगंज स्थित शुभम लॉन में आयोजित श्याम झुलनोत्सव की तैयारियों को लेकर श्याम मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमे अध्यक्षीय उद्बोधन में श्याम मण्डल ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं वाराणसी के अध्यक्ष दीपक तोदी मंत्री पवन कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस बार आयोजित होने वाला 55वां श्याम झुलनोत्सव अपने आप में अनोखा होगा क्योंकि प्रथम बार उत्तर प्रदेश में ऐसा झुलनोत्सव कार्यक्रम होगा जिसमें बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, बंगाल, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, झारखंड सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से लगभग 20 श्याम मंडलो के 100 से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम संयोजक पंकज तोदी, श्याम सुंदर गाड़ोदिया, अजय खेमका, ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव का आगाज 15 अगस्त को सायं 6:00 बजे से भजनों की रसधार के साथ होगा । जो 16 अगस्त रात 10:00 बजे तक भजनों की गंगा बहेगी।








## गंगा का जलस्तर बढ़ा ललिता घाट से हटाया गया आरती स्थल

**वाराणसी।** पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। काशी में गंगा के जलस्तर में 0.3 मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जलस्तर 60.2 मीटर से बढ़कर 60.5 मीटर हो गया। पानी बढ़ने के कारण ललिता घाट पर होने वाली गंगा आरती का स्थान बदल दिया गया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि, जलस्तर अभी भी पिछले वर्ष की तुलना में कम है। पिछले वर्ष 16 जुलाई को यह 68.43 मीटर दर्ज किया गया था। बीते एक सप्ताह के दौरान गंगा का जलस्तर 2.2 मीटर बढ़ा है, जिसे काफी अधिक माना जा रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण ललिता घाट से गंगा आरती स्थल को शिफ्ट कर दिया गया है।

# खड़ी ट्रक से भिड़ गयी डीसीएम

● केबिन में फंसकर चालक की मौत, ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार



**वाराणसी।** मिर्जामुराद-मेहंदीगंज गांव स्थित रिंगरोड पर शुक्रवार को तड़के तीन बजे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार डीसीएम जा भिड़ी। इस हादसे में डीसीएम चालक रामअचल प्रजापति (44) की केबिन में दबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मेहनत के बाद केबिन में फंसे शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। चौबेपुर थानांतर्गत कोदोपुर कला गांव निवासी नरेश प्रजापति के चार पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र रामअचल प्रजापति डीसीएम पर मुंबई (भीमंडी) से इलेक्ट्रिक सामान लादकर गुवाहाटी जा रहा था। रास्ते में घर पड़ने के कारण उसने स्वजनों को सूचना देकर रिंगरोड से चौबेपुर परिवार से मिलने का निर्णय लिया। मिर्जामुराद के रखौना रिंगरोड पर चालक को झपकी आ गई और वह सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा टकराया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि डीसीएम के अगले हि-स्से का परखचा उड़ गया और चालक केबिन में दबकर दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालने में काफी मे-हनत की। जेब में मिले कागजात के आधार पर शव की पहचान हुई और स्वजनों को सूचना दी गई। स्वजन थाने पहुंच गए थे। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

### बाइक फिसलने से सवार की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के लोहता थाना क्षेत्र के छितौनी गांव के पास शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान हुए सड़क हादसे में एक शटरिंग मिस्त्री की मौत हो गई। वह अपने बेटे को निजी स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। रास्ते में फिसलन भरी सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। सिर में गंभीर चोट लगने और अधिक रक्तस्राव के कारण उनकी जान चली गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सिरसा गांव निवासी अभिषेक उपाध्याय (35) के रूप में हुई है। वह शटरिंग मिस्त्री का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि अभिषेक रोज सुबह अपने बच्चे को घर से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित एक निजी स्कूल छोड़ने जाते थे। शुक्रवार को भी वह बच्चे को स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। बताया गया कि घर से करीब दो किलोमीटर पहले छितौनी गांव के पास अचानक उनकी बाइक फिसल गई।

## तालाबों, कुंडों और कुओं के लिए 58 करोड़ का समझौता

**वाराणसी।** धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी की प्राचीन धरोहरों और जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। PFC द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत 58 करोड़ की लागत से वाराणसी के विभिन्न तालाबों, कुंडों और सामुदायिक कुओं के कायाकल्प एवं विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि काशी की आत्मा यहां के कुंडों, तालाबों और कुओं में बसती है।

## कफ सिरप कांड में 17 सदस्यों पर लगा गैंगस्टर

**वाराणसी।** अंतरराज्यीय कफ सिरप तस्कर गिरोह के 17 सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट में प्राथमिकी दर्ज हुई। पुलिस का दावा है कि गिरोह लंबे समय से प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी कर उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में अपना नेटवर्क संचालित कर रहा था। पुलिस कमिश्नर से गैंग चार्ट को मंजूरी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को कोत-वाली थाने में थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डिरंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

**ई–निविदा सूचना सं0:**–एनईआर– बीएसबी –2026–100, कार्य का नामः समइं/छपरा कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत हाजीपुर–छपरा कचहरी के मध्य कि0मी0 323/25–323/27 पर कि0मी0 67/550–67/552 पर और थावे–कप्तानगंज के मध्य कि0मी0 104/471–104/479 पर आरसीसी बाक्स पुल द्वारा मौजूदा ह्यूम पाइप पुलो का प्रतिस्थापन (कुल 03 अदद)। अनुमानित लागतः ₹1,48,45,497/– अमानत राशि/बिड सिक्योरिटीः ₹2,96,900.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 01.09.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 15 माह।

**ई–निविदा सूचना सं0:**–एनईआर–बीएसबी –2026–101, कार्य का नामः समइं/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सरदार नगर, बैतालपुर, देवरिया सदर, चौरीचौरा, गौरीबाजार, तथा नूनखार स्टेशनों पर ई0आई0 भवन का प्रावधान (06 अदद)। अनुमानित लागतः ₹9,93,37,508/– अमानत राशि/बिड सिक्योरिटीः ₹19,86,800.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 06.08.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।

निविदा सूचना सं:–एनईआर–बीएसबी–2026 –100 दिनांक 01.09.2026 को 11.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। निविदा सूचना सं:– एनईआर–बीएसबी–2026–101 दिनांक 06.08.2026 को 11.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)**
**मुजाधि/डब्लू–234** **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# निर्धारित मानकों के हिसाब से होना चाहिए काम



**लापरवाही बरतने वालों की खैर नहीं**

● कार्यदायी संस्थाओं को जिलाधिकारी का स्पष्ट अल्टीमेटम सुस्त अफसरानों को भी सख्त ताकीद, सही आंकड़े पोर्टल पर अपलोड करने की हिदायत

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों (50 लाख से अधिक/सांसद निधि) से संबंधित निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कम भौतिक प्रगति और समय सीमा से विलंबित चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने इन सभी परियोजनाओं की स्वीकृत धनराशि, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष भौतिक प्रगति रिपोर्ट की जानकारी भी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधको से कहा कि विशेष रुचि लेकर विलंब से चल रही परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के प्रभावी प्रयास करें। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति समयबद्ध तरीके से सीएमआइएस पोर्टल पर अपडेट करायें, ताकि अद्यतन आंकड़े पोर्टल पर परिलक्षित हों।

# आपदा से निपटने के लिए होमगार्डों को प्रशिक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र, रामनगर में नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में वाराणसी मंडल के विभिन्न जिलों से आए 90 होमगार्ड जवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों को आपदा एवं अन्य आपात परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए व्यवहारिक रूप से दक्ष बनाना था। प्रशिक्षण सत्र में सहायक उप नियंत्रक इरफानुल होदा एवं सहायक उप नियंत्रक विवेक कुमार ने आपदा प्रबंधन, सर्पदंश से बचाव, भीड़ नियंत्रण, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव कार्यों तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा के दौरान प्रशिक्षित एवं अनुशासित बल की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। समय पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू होने से जनधन की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रशिक्षकों ने जवानों को नागरिक सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारियों, आपदा के दौरान समन्वय स्थापित करने के तरीकों तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा गुरु प्रताप उपस्थित रहे।

## वीबी-जी-राम-जी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा महत्वपूर्ण पहल

● पंच सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने की भागीदारी




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी में आयोजित देश के पहले पंच सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान शामिल हुए। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड के लगभग 500 ग्राम प्रधानों ने पंच सम्मेलन में लिया भाग, अपने-अपने राज्यों के अनुभव, नवाचार और कार्यक्रम के क्रियान्वयन की संभावनाओं को साझा किया। पंच सम्मेलन में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि 'वीबी-जी-राम-जी विकसित ग्राम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है। सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड से आए ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने राज्यों के अनुभव, नवाचार, कार्यक्रम के क्रियान्वयन की संभावनाओं तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त सीख को भी साझा किया।

## पॉलीथिन के खिलाफ किया जागरूक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आस्था और जन-आस्था के केंद्र ऐतिहासिक तीन दिवसीय रथयात्रा मेले को नगर निगम ने पूरी तरह से प्लास्टिक (पॉलीथिन) मुक्त घोषित किया है। मेले के दौरान स्वच्छता को सर्वोपरि मानते हुए निगम की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को सुदृढ़ करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में तीन पालियों (शिफ्टों) में चौबीस घंटे विशेष सफाई कराई जा रही है। सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के साथ ही नगर निगम की विशेष टीम सभी स्थायी और अस्थायी दुकानदारों से निरंतर संपर्क कर रही है। सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबीन रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक या पॉलीथिन का इस्तेमाल बिल्कुल न करने और ग्राहकों को केवल कपड़े के थैले देने की सख्त हिदायत दी जा रही है। चेतावनी के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों का मौके पर चालान कर जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

## भाजपा ही दलितों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की वास्तविक संरक्षक



● प्रदेश में तीसरी बार भी बनेगी भाजपा की सरकार

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। हमें इस जिम्मेदारी को अवसर में परिवर्तित करते हुए वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। प्रदेश का 55 प्रतिशत पिछड़ा समाज भाजपा की विजय यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है और आगामी विधानसभा चुनाव में भी यह समाज भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उक्त बातें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रोहनिया स्थित क्षेत्र कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की क्षेत्रीय कार्य समिति को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव पिछड़े, अति पिछड़े, दलित एवं वंचित समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचा है।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ



प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज के मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू



**प्रयागराज।** सावन शुरू होने से पहले प्रयागराज के प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए नया ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। मंदिर प्रशासन ने फैसला लिया है कि अब गर्भगृह में प्रवेश कर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना सिर्फ भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में ही की जा सकेगी। जींस, टी-शर्ट, रिप्ड जींस और हाफ पैंट पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलेगा। मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद जी महाराज ने बताया कि यह व्यवस्था सनातन और वैदिक परंपराओं के अनुरूप लागू की गई है। उनका कहना है कि पूजा-अर्चना अनुशासन, शुद्धता और धार्मिक मर्यादा से जुड़ी प्रक्रिया है, इसलिए मंदिर की गरिमा बनाए रखने के लिए पारंपरिक वेशभूषा जरूरी है। महंत श्रीधरानंद जी महाराज ने बताया कि रुद्राभिषेक और विशेष पूजा के दौरान पुरुष श्रद्धालुओं को धोती-कुर्ता पहनना होगा।

वहीं महिलाओं को साड़ी या सलवार-सूट में ही गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई श्रद्धालु आधुनिक परिधान पहनकर मंदिर पहुंच जाते हैं, जबकि धार्मिक स्थलों पर सादगी और मर्यादा का पालन किया जाना चाहिए। महंत के मुताबिक इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। इनमें एक सोमवार को प्रदोष और दूसरे सोमवार को नाग पंचमी का विशेष संयोग भी रहेगा। ऐसे में मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए मंदिर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं।

## सोनभद्र समाचार

### नीम के पेड़ से लटकता मिला बीए द्वितीय वर्ष के छात्र का शव

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के नरखोरिया में बृहस्पतिवार की सुबह घर के पास स्थित मंदिर से सटे नीम के पेड़ में शिवम (18) का शव फंदे से लटकता मिला। वह स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र था।

घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। दोपहर में जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया। शिवम दो भाइयों में बड़ा था। वह लोढ़ी स्थित पीजी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। रोजाना की भांति बुधवार की रात भी वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। सुबह पांच बजे परिवार वाले घर से बाहर निकले तो घर के पास स्थित मां-दिर से सटे नीम के पेड़ में लगे नायलॉन के फंदे से उसका शव लटकता देख अवाक रह गए। घटना भोर की बताई जा रही जा रही है।

## भदोही समाचार

### ट्रेलर ने बाइक में मारी टक्कर, बुनकर समेत दो की मौत

**अभोली।** दुर्गागंज थाना क्षेत्र के अंधे बाजार में बुधवार की रात ईंट लदे ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार गड़ौरा निवासी बाबूराम गौतम (58) व श्रीपुर निवासी बुनकर सीताराम उर्फ जुगनू (40) की मौत हो गई। ट्रेलर की टक्कर से सड़क पर गिरे दोनों को ट्रक रौंदते हुए आगे निकल गया। दोनों बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे थे। चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। दुर्गागंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गड़ौरा निवासी बाबूराम गौतम व श्रीपुर निवासी सीताराम उर्फ जुगनू अपनी बाइक से अंधे बाजार से घर का सामान लेकर निकले थे। रात करीब करीब नौ बजे आगे बढ़े थे कि अभोली से दुर्गागंज बाजार की ओर जा रहे एक ट्रेलर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। ट्रेलर चालक तेज गति से होने के कारण दोनों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए, ट्रेलर का पीछा किया तो कुछ ही दूर चालक वाहन रोकर भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भानीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीताराम कालीन बुनाई का काम करते थे, उनके छह बच्चे हैं, इनमें सबसे बड़ी बेटी 11 साल की है। रहने को घर भी नहीं है, प्रधानमंत्री आवास मिला है, लेकिन वह अभी तक अधूरा है। मौके पर पहुंची पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। उधर बाबूराम सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों में ढोलक बजाकर आजीविका चलाते थे। उनकी पत्नी मीना देवी बोल नहीं पाती। उनकी दो बेटी व एक बेटा है। दुर्घटना के बाद ज्ञानपुर-दुर्गागंज मार्ग करीब 40 मिनट तक जाम हो गई। घटना के बाद भाग रहा ट्रेलर चालक लोगों के पीछा करने पर कुछ ही दूरी पर पहुंच कर वाहन खड़ा कर भाग गया।

## मऊ समाचार

### धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, रथ खींचने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**मऊ।** दोहरीघाट कस्बे के प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर से दशकों पुरानी परंपरा के तहत भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा रविवार को गाजे-बाजे और जयघोष के बीच निकाली गई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, प्रसाद अर्पित किया और रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रथयात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का स्वागत कर पूजा-अर्चना की। रथ खींचने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया।

## बलिया समाचार

### जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर निकली रथयात्रा, महावीरी झंडा जुलूस में उमड़े लोग



**सिकंदरपुर।** कस्बे की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करते हुए बृहस्पतिवार की शाम चतुर्भुजनाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा एवं महावीरी झंडा जुलूस श्रद्धा, शौर्य और उत्साह के साथ निकाला गया। ओडिशा के जगन्नाथपुरी की तर्ज पर आयोजित इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में भक्ति, उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला। शाम होते ही मैनापुर, रहिलापाली, भीखपुरा, बढ़ूढा, चकखान, महाबीर स्थान, जलालीपुर, बस स्टेशन, बाजार चौक सहित विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों की आकर्षक झांकियां अपने-अपने स्थानों से पारंपरिक मार्गों से होते हुए जलपा चौक पहुंचीं और चतुर्भुजनाथ मंदिर से निकले भगवान जगन्नाथ के रथ के पीछे शामिल हो गईं। धार्मिक संदेशों और मनमोहक सजावट से सजी झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जुलूस के दौरान युवाओं ने लाठी, भाला एवं अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कलाओं का प्रदर्शन कर शौर्य का परिचय दिया। हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान रहा। विशाल आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह देर रात तक अति संवेदनशील रशीदिया मस्जिद क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

## चंदौली समाचार

### धान रोपाई के मौसम में किसानों को निर्बाध बिजली मिले, गरीब उपभोक्ताओं की समस्याओं का हो तत्काल समाधानः सांसद वीरेंद्र सिंह



**चंदौली, ज.स.।** लोकसभा क्षेत्र चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता (Chif Engineer) अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर जनपद चंदौली में विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं से जुड़ी विभिनन समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को जनहित के सभी मामलों का समयबद्ध वं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने कहा कि वर्तमान समय धान की रोपाई का महत्वपूर्ण मौसम है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सरकार और विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि कृषि फीडरों पर बिजली कटौती न्यूनतम रखी जाए, पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी स्थिति में किसानों के पंपिंग सेट एवं ट्यूबवेल बिजली के अभाव में बंद न रहें, ताकि सिंचाई कार्य बाधित न हो और किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सांसद ने अधिकारियों के संज्ञान में यह गंभीर मामला भी रखा कि जनपद के अनेक गरीब परिवारों के एक ही आवास पर एक ही व्यक्ति के नाम से तीन-तीन एवं चार-चार विद्युत कनेक्शन दर्ज कर दिए गए हैं, जिसके कारण उनपर अनावश्यक रूप से कई बिजली बिल जारी हो रहे हैं। उन्होंने ऐसे सभी मामलों की तत्काल जांच कर रिकॉर्ड एवं बिलों को दुरूस्त करने तथा गरीब उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज भी जनपद की अनेक ग्राम सभाओं एवं मजरों में ऐसे परिवार हैं जहाँ अब तक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो सका है। ऐसे सभी वंचित परिवारों को तत्काल प्रभाव से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विद्युत भार अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार जल जाते हैं, जिससे आम जनता को लंबे समय तक बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। सांसद ने ऐसे सभी स्थानों का सर्वेक्षण (Augmentation) के साथ नए एवं उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। सांसद वीरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को यह भी अवगत राया कि अनेक किसानों ने अपने निजी नलकूप एवं पंपिंग सेट के लिए विद्युत कनेक्शन की औपचारिकताएं पूरी कर शुल्क भी जमा कर दिया है, लेकिन आवश्यक सांसद ने अधिकारियों को यह भी अवगत कराया कि अनेक किसानों ने अपने निजी नलकूप एवं पंपिंग सेट के लिए विद्युत कनेक्शन की औपचारिकताएँ पूरी कर शुल्क भी जमा कर दिया है, लेकिन आवश्यक विद्युत सामग्री उपलब्ध न होने के कारण उन्हें ब तक कनेक्शन नहीं मिल सका है। इससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पडड़ रहा है।

उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे सभी लां-बित मामलों में आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध कराकर शीघ्र विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जाएँ। बैठक के अंत में सांसद ने स्पष्ट कहा कि किसानों एवं आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जनहित के कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## गाजीपुर समाचार

### जखनियां स्टेशन पर चलती ट्रेन पर चढ़ते समय युवक फिसला, मौत

**जखनियां।** जखनियां रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को कृषक मेल एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भुड़कुड़ा पुलिस और जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामआशीष चौहान ने बताया कि शादियाबाद थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव निवासी मोहन चौहान (25) दवा कराने के लिए बड़े भाई दिनेश के साथ वाराणसी जाने के लिए स्टेशन गया था। पिता के अनुसार, दिनेश प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टिकट लेने गए थे। इसी बीच कृषक मेल प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंची। मोहन ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था, तभी उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गए। गर्दन के पास गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## जौनपुर समाचार

### रिक्शा चलाकर बेटे को बनाया डॉक्टर, मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान मौत



**शाहगंज।** कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में कार्यरत जूनियर डॉक्टर (जेआर-2) डॉ. विनोद कुमार बिंद का बृहस्पतिवार सुबह ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई। उनके असामयिक निधन की खबर से पैतृक गांव पख्खनपुर सुरिस में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के सदस्य और ग्रामीण गहरे सदमे में हैं। डॉ. विनोद बिंद क्षेत्र के पख्खनपुर सुरिस गांव निवासी थे। उनके पिता दूधनाथ बिंद ने कठिन आर्थिक परिस्थितियों में रिक्शा चलाकर बेटे को उच्च शिक्षा दिलाई थी। तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटे विनोद की सफलता को परिवार के संघर्ष और पिता की मेहनत का प्रतिफल माना जाता था। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार के पुरुष सदस्य कानपुर के लिए रवाना हो गए, जबकि देर शाम तक परिवार की महिला सदस्यों को यह दुखद समाचार नहीं दिया गया था। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विवेक कुमार उर्फ विक्की यादव ने डॉ. विनोद बिंद को मिलनसार, सेवाभावी और प्रतिभाशाली चिकित्सक बताते हुए कहा कि गांव ने एक होनहार युवा डॉक्टर को खो दिया है। डॉ. विनोद बिंद की सफलता उनके पिता दूधनाथ बिंद के अथक संघर्ष की मिसाल थी। सीमित आय के बावजूद उन्होंने कभी बच्चों की शिक्षा में आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया। दिनभर रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले दूधनाथ ने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए लगातार मेहनत की।

## देवरिया समाचार

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के सिसईं ढाले के पास ट्रेन की चपेट में आकर 75 वर्षीय रेशमा देवी का दोनों पैर कट गया। उन्हें खून से लथपथ अवस्था में मेडिकल कॉलेज देवरिया भिजवाया गया, जहां डाक्टर मृत घोषित कर दिया। मंगराईच गांव निवासी रेशमा देवी बृहस्पतिवार की सुबह करीब पांच बजे भटनी-नूनखार रेल मार्ग पर सिसई ढाले के पास किसी ट्रेन की चपेट में आ गईं। इससे उनका दोनों पैर कटकर गिर गया। वह बेहोश होकर गिर गईं। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और परिवार वालों के सहयोग से उन्हें खून से लथपथ अवस्था में मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास, आकांक्षात्मक विकास खण्ड व वन ट्रिलियन डालर सेल की प्रगति की हुयी समीक्षा



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास, आकांक्षात्मक विकास खण्ड व वन ट्रिलियन डालर सेल की प्रगति की बैठक आहूत की गयी। सीएम डैशबोर्ड विकास कायी की समीक्षा में जिलाधिकारी ने बी व सी श्रेणी प्राप्त करने वाले अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुऐ निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह प्रगति में सुधार लाये अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास में जिन अधिकारियों/ विभाग को ए श्रेणी प्राप्त है यथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्टील लाइट योजना, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, सोलर स्टील लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्राफ्ट माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटी शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम बी डीबीटी, मगनरेगा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एंबुलेंस 102, एंबुलेंस 108, मोबाइल मेडिकल यूनिट, मूल्य भुगतान की स्थिति, सहकारी दूध समितियां, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सिडिंग, जल जीवन मिशन हर घर जल योजना, 15 वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत, एसबीएसजी फेस 2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायापलट, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पशु टीकाकरण पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निरक्षित गोवंश की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संप्रदाय योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सड़कों का अनुरक्षण, स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सेटिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली।

## आजमगढ़ समाचार

### सातवें वेतन आयोग की मांग के समर्थन में बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**आजमगढ़।** सी-डॉट परिसर में बृहस्पतिवार को बीएसएनएल एंप्लॉइज यूनियन के नेतृत्व में कर्मचारियों और अधिकारियों ने भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन करके सातवें वेतनमान की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लंबे समय से मांग करने के बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। यूनियन के सहायक महासचिव आनंद कुमार सिंह ने कहा कि बीएसएनएल कर्मचारियों को अब तक सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों और अधिकारियों में आक्रोश है। क्रांति संगठन मंत्री सुनील उपाध्याय ने कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है। सहायक जिला सचिव प्रशांत यादव ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 22 से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 27 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान चलाया जाएगा। प्रदर्शन में सुनील सिंह, परमेश्वर शाह, संतोष सिंह, बालमुकुंद यादव, हरकेश यादव, पीएन सिंह, हरिदास राय, किस्मती देवी, संतोष श्रीवास्तव, विजय कुमार, अविनाश मौर्य आदि रहे।

## गोरखपुर समाचार

### नेपाल की बारिश से उफनाईं पूर्वांचल की नदियां



**गोरखपुर।** नेपाल और तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश का असर पूर्वांचल की नदियों पर साफ दिखने लगा है। गोरखपुर-बस्ती मंडल में नदी किनारे के लोग राप्ती, सरयू, गंडक, रोहिनी और अन्य नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि से डरे हुए हैं।

हालांकि अधिकतर नदियां अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की आशंका गहराने लगी है। प्रशासन ने संवेदनशील तटबंधों पर निगरानी बढ़ा दी है और राहत-बचाव तैयारियों को सक्रिय कर दिया है। जिले में सर्वाधिक तबाही मचाने वाली नदियों में राप्ती का जलस्तर बुधवार शाम तक 81.64 मीटर पर पहुंच गया है, जो खतरे के लाल निशान से मात्र 3.26 मीटर नीचे है। नेपाल व जिले में चार दिनों से हो रही बारिश के चलते ही कूड़ा, घोघी व बानगंगा नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव से लोगों की सांसें थमी हैं। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में बांध के गैप से तबाही की आशंका है, वहीं बांसी, शोहरतगढ़, इटवा व नौगढ़ तहसीलों में नदियों के किनारे कटान की आशंका बाढ़ पीड़ित सशंकित हैं।

क्षेत्र में राप्ती नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है। पिछले पांच दिनों में नदी का जलस्तर 95 सेमी बढ़ चुका है, जिससे तटवर्ती गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। ड्रेनेज खंड के अधिकारियों ने बताया कि अभी जलस्तर में मामूली वृद्धि हुई है। सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं। कहीं से कटान या रिसाव की सूचना नहीं है। उम्मीद है कि जल्द जलस्तर नीचे आना शुरू हो जाएगा। नेपाल में हो रही बारिश व वाल्मीकि नगर बैराज से छोड़े जा रहे पानी के चलते क्षेत्र में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मंगलवार की रात वाल्मीकि नगर बैराज से गंडक नदी में 2.24 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसका असर बुधवार को बांसी और गंडक नदी के दोआबा में बसे पिपराघाट में दिखा। दोआबा के गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। खेतों में पानी भर जाने से फसलें डूब गई हैं। सरयू नदी में चार दिन से लगातार पानी बढ़ रहा है। 24 घंटे में पांच सेमी सरयू के पानी में इजाफा हुआ है। चेतावनी बिंदु 63.10 मीटर से नदी 72 सेंटीमीटर नीचे है। नदी का पानी अब आसपास के दियारा (देवारा) क्षेत्र में फैलने लगा है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए तटवर्ती ग्रामीणों में दहशत है।

## लाइफ मंत्र

### सावन में महिलाएं क्यों पहनती हैं हरी चूड़ियां? जानिए शिव-पार्वती से जुड़ा रहस्य

सावन का पावन महीना आते ही चारों ओर भक्ति, श्रद्धा और उत्सव का माहौल बन जाता है। यह महीना भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए सबसे शुभ माना जाता है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं व्रत-पूजन करती हैं और भगवान शिव-माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करती हैं। इस दौरान चारों ओर का वातावरण हरियाली से सरोबार होता है। यही वह महीना माना जाता है जब महिलाएं हरे रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि सावन में हरी चूड़ियां पहनने की परंपरा बहुत पुरानी मानी जाती है। लेकिन क्या आपके मन में कभी यह सवाल आया है कि सावन के महीने में हरे रंग की चूड़ियां ही क्यों पहनी जाती हैं? इसके पीछे क्या कारण है। तो आइए जानते हैं कि क्यों सावन में महिलाएं हरी



चूड़ियां पहनती हैं। सबसे पहले बात करे हरी चूड़ियां के महत्व की तो सनातन धर्म में हरे रंग को प्रकृति, सुख-समृद्धि और नए जीवन का प्रतीक माना जाता है और सावन के दौरान भी पूरी प्रकृति हरे रंग में रंगी होती है। ज्योतिष शास्त्र में भी हरे रंग को बुध ग्रह का कारक माना जाता है साथ ही इसे बुद्धि और समृद्धि के साथ भी जोड़ा जाता है। ऐसे में कहा जाता है कि इस दौरान हरी चूड़ियां पहनना भी बेहद शुभ माना जाता है, क्योंकि वह प्रकृति के इस हरियाली भरे रूप को अपनाती है साथ ही माना जाता है कि हरे रंग का प्रयोग शुभता और सकारात्मकता भी प्रदान करता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। तभी से सावन का महीना शिव-पार्वती के दिव्य मिलन और अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। कहा जाता है कि इसी कारण विवाहित महिलाएं सावन में हरी चूड़ियां पहनकर माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने और अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इसके अलावा धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरी चूड़ियां सुहाग और अखंड सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती हैं। मान्यता है कि सावन में इन्हें धारण करने से पति की आयु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली के लिए शुभ फल प्राप्त होते हैं। यही कारण है कि इस महीने अधिकांश विवाहित महिलाएं हरी चूड़ियां पहनना शुभ मानती हैं।

सावन का महीना भगवान शिव का अत्यंत प्रिय मास माना जाता है। इस समय वर्षा ऋतु के कारण चारों ओर हरियाली छा जाती है, जिसे प्रकृति, नवजीवन, उर्वरता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र, भांग और अन्य प्राकृतिक पूजन सामग्री का विशेष महत्व बताया गया है। इसी कारण सावन के महीने में हरे रंग को शुभता, समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है।

यही वजह है कि इस दौरान विशेष रूप से सुहागिन महिलाएं हरी चूड़ियां धारण करती हैं और भगवान शिव तथा माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त कर सुखी वैवाहिक जीवन, अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं।

## IRCTC का शानदार Spiritual South India Tour Package, 24 जुलाई से इन Famous Temples के करें दर्शन



आईआरसीटीसी का स्पिरिचुअल साउथ इंडिया टूर पैकेज दक्षिण भारतीय तीर्थस्थलों के व्यवस्थित अन्वेषण और लागत प्रभावी यात्रा प्रबंधन का एक विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है। यह पैकेज कन्याकुमारी और मदुरै जैसे स्थलों की धार्मिक महत्ता को समझते हुए हवाई यात्रा और एसी आवास जैसी आधुनिक सुविधाओं को एकीकृत करता है। घूमने के शौकीन लोगों के लिए भारतीय रेलवे लाया है साउथ इंडियन टूर पैकेज। इस टूर पैकेज में कई मंदिरों के दर्शन कराया जाएगा। एक बार टिकट बुक करने से पहले रुट को अवश्य जान लें। दरअसल, इस पैकेज में साउथ इंडिय के फेमस मंदिरों के दर्शन कराए जाएंगे। यह पैकेज 6 रात और 7 दिनों का है। आइए आपको इस लेख में बताने जा रहे हैं IRCTC के इस टूर पैकेज में क्या सुविधाएं मिलेंगी और क्या नहीं?

**टूर पैकेज**

- यह पैकेज आपको कन्नियाकुमारी, मदुरै, रामेश्वरम और त्रिवेन्द्रम दर्शन कराएगा।
- इस पैकेज का नाम है SPIRITUAL SOUTH INDIA EX BHUBANESWAR है।
- पैकेज कोड SCBA45 है।
- इस पैकेज में आपको फ्लाइट से यात्रा कराई जाएगी और घूमने के लिए कैब की सुविधा मिलेगी।
- वहीं, इस पैकेज में दोपहर का खाना नहीं दिया। मेन्यू पहले से ही तय होगा। अलग खाना खाने से आपको अलग से पे करना होगा।
- इस पैकेज से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**पैकेज फीस क्या है?**

- यह पैकेज 7 दिनों का है और इसकी शुरुआत 24 जुलाई 2026 से होने जा रही है।
- दो लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस प्रति व्यक्ति 55710 रुपये है।
- 3 लोगों के साथ यात्रा करने पर पैकेज फीस प्रति व्यक्ति 53505 रुपये है।
- बच्चों के लिए पैकेज फीस 45230 रुपये तय की गई है।

**पैकेज फीस में क्या सुविधाएं शामिल है?**

इस पैकेज में आने-जाने की हवाई टिकट का खर्च पहले से ही जुड़ा हुआ है। साथ में आपको एसी होटल में रुकने की सुविधा भी मिलेगी। टूर के दौरान 6 दिन सुबह का नाश्ता और 6 दिन रात का खाना पैकेज में शामिल है। जगह-जगह घूमने के लिए आपको शेयरिंग वाली एसी गाड़ी दी जाएगी। इस पैकेज के साथ IRCTC का टूर एस्कॉर्ट भी रहेगा जो पूरी यात्रा में मदद करेगा। ध्यान दें: टिकट बुक करने के बाद अगर एयरलाइन फ्लाइट में कोई बदलाव करती है तो उसका अतिरिक्त खर्च आपको अलग से देना पड़ेगा।



# Micro Vacation के लिए Lansdowne और Almora हैं युवाओं की पहली पसंद, देखें Travel List

**अगर आप भी घर पर छुट्टी बिताते-बिताते बोर हो गए हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप दो दिनों की ट्रिप को यागदार बना सकते हैं।**

इन दिनों माइक्रो वेकेशन लोगों के घूमने का पसंदीदा तरीका बन गया है। खासकर जेन जी लोग इस वेकेशन को काफी पसंद करते हैं। वहीं उन लोगों की तादाद भी अधिक है, जो 5 दिन ऑफिस में काम करते हैं। वहीं 2 दिन का वीक ऑफ मनाते हैं।

ऐसे में अगर आप भी घर पर छुट्टी बिताते-बिताते बोर हो गए हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप दो दिनों की ट्रिप को यागदार बना सकते हैं।

**जानें क्या है माइक्रो वेकेशन**

बता दें कि माइक्रो वेकेशन एक छोटा हॉलिडे है। जिसमें 24 से 72 घंटों यानी 2 से 3 दिन की ट्रिप शामिल होती है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वह कौन सी जगहें हैं, जहां पर माइक्रो वेकेशन को यादगार और मजेदार बनाया जा सकता है। अगर आप 2 से 3 दिन की एक छोटी सी ट्रिप प्लान कर रहे हैं। आप इन जगहों को अपनी ट्रेवल लिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

**लैंसडाउन**

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित लैंसडाउन भी 2-3 दिन की ट्रिप के लिए बेस्ट है।

यह दिल्ली से करीब 258 किमी है। यहां पर आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ तारकेश्वर महादेव मंदिर, भुल्ला ताल, दरवान सिंह संग्रहालय, वॉर मेमोरियल और सेंट मैरी चर्च आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कुफरी**

हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी शिमला से करीब 20 किमी दूर है। दिल्ली से यहां पहुंचने में करीब 7 से 8 घंटे का समय लगता है। क्योंकि यह जगह शिमला से थोड़ी ऊंचाई पर है, इसलिए ज्यादा ठंडी है। यहां पर आप फागू, कुफरी फन वर्ल्ड, महाशू पीक और हिमालयन नेचर पार्क आदि घूम सकते हैं।

**नीमराना**

राजस्थान के अलवर जिले में दिल्ली-जयपुर हाइवे पर नीमराना है। यहां पर आने के बाद आपको भीड़ से अलग सुकून का एहसास होगा। यह दिल्ली से 121 किमी की दूरी पर है। यह जगह नीमराना पैलेस के लिए फेमस है। यहां पर आप नीमराना बावड़ी, सरिस्का नैशनल पार्क और तिजारा फोर्ट पैलेस घूम सकते हैं।

**रणथंभौर**

दिल्ली से रणथंभौर की दूरी करीब 402 किमी है। यह राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में है। यहां पर आप रणथंभौर का किला, त्रिनेत्र गणेश मंदिर और रणथंभौर नेशनल पार्क को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का हिस्सा है, वहीं दूरी की बात करें तो दिल्ली से इसकी दूरी करीब 364 किमी है। यहां पर आप जागेश्वर धाम, बिनसर वाइल्डलाइफ सेंचुरी, कसर देवी मंदिर और जीरो प्वाइंट आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मात्र 55 हजार में घूमें बैंकॉक और पटाया, जानें फ्लाइट से लेकर होटल तक की Full Details



थाईलैंड ट्रिप में आपको बैंकॉक और पटाया जैसे फेमस पर्यटन स्थलों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। रंगीन नाइटलाइफ, शानदार शॉपिंग, खूबसूरत समुद्र तट और फेमस पर्यटन स्थल आपके ट्रिप को यादगार बना देंगे। अगर आप भी विदेश घूमने का सपना देख रहे हैं। तो भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन का एक शानदार ट्रिप पैकेज लाया है। थाईलैंड का 4 रात और 5 दिन का टूर पैकेज आपके लिए शानदार ऑप्शन हो सकता है। इस ट्रिप में आपको बैंकॉक और पटाया जैसे फेमस पर्यटन स्थलों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। रंगीन नाइटलाइफ, शानदार शॉपिंग, खूबसूरत समुद्र तट और फेमस पर्यटन स्थल आपके ट्रिप को यादगार बना देंगे।

**फेमस है थाइलैंड**

बता दें कि थाईलैंड अपनी समृद्ध बौद्ध संस्कृति, सफेद रेतीले समुद्र तटों और खूबसूरत द्वीपों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। यहां आने वाले हर पर्यटक को बीच एक्टिविटी करने के साथ पारंपरिक थाई मसाल, लोकल मार्केट और आधुनिक शॉपिंग मॉल एक्सप्लोर करना अच्छा लगता है। यही कारण है कि भारतीय पर्यटकों के लिए यह देश हमेशा पसंदीदा डेस्टिनेशन बना रहता है।

**ट्रिप की शुरूआत**

इस टूर पैकेज की शुरूआत 11 अगस्त 2026 से कोलकाता से हो रही है। एयर एशिया की फ्लाइट रात 12:30 बजे कोलकाता से उड़ान भरेगी और सुबह 04:35 मिनट पर बैंकॉक के डॉन मुआंग एयरपोर्ट पहुंचेगी। वहीं वापसी की फ्लाइट 15 अगस्त की रात 10:55 पर बैंकॉक से रवाना होगी और रात 11:59 पर कोलकाता पहुंचेगी। ऐसे में उड़ान से करीब 3 घंटे पहले यानी की 10 अगस्त की रात 09:30 बजे यात्रियों को कोलकाता एयरपोर्ट पर रिपोर्ट करना होगा।

**कितना आएगा खर्च**

शेयरिंग के हिसाब से पैकेज की कीमत तय की गई है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक सिंगल शेयरिंग का किराया 55,000 रुपए प्रति व्यक्ति है। वहीं डबल शेयरिंग का किराया 59,500 रुपए और ट्रिपल शेयरिंग का किराया 59,000 रुपए है। बच्चों के लिए बेड और बिना बेड दोनों तरह से किराया 28,050 रुपए है। बुकिंग के दौरान अलग से निर्धारित टीसीएस राशि भी जमा करनी होगी।

**पैकेज में क्या-क्या शामिल**

इस टूर पैकेज में कोलकाता से बैंकॉक और वापस आने का हवाई किराया, 3 स्टार होटल में स्टे, 5 नाश्ते, 5 लंच और 4 डिनर शामिल हैं। इसके अलावा बैंकॉक में चाओ फ्राया रिवर क्रूज डिनर, हाफ डे सिटी टूर, गोल्डन बुद्धा, सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क और मार्बल बुद्धा मंदिर के दर्शन, स्थानीय टूर गाइड, सी लाइफ बैंकॉक ओशन वर्ल्ड, पटाया का कोरल आइलैंड टूर, जेम्स गैलरी, 5 प्रतिशत जीएसटी और 65 वर्ष तक के यात्रियों के लिए ट्रैवल इंश्योरेंस भी फ्री है।

**इन चीजों का खुद उठाना होगा खर्च**

वहीं कुछ चीजों का खर्च इस पैकेज में शामिल नहीं है। थाईलैंड पहुंचने पर मिलने वाले वीजा ऑन अराइवल की फीस अलग से देना होगा। यह करीब 2,000 थाई बहत यानी करीब 5500 से 6000 रुपए हो सकती है। वहीं 2% TCS, एयरपोर्ट टैक्स या फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोत्तरी, लॉन्ड्री, अतिरिक्त भोजन, व्यक्तिगत खर्च, ड्राइवर और गाइड को दी जाने वाली टिप्स जैसी सुविधाओं का भुगतान यात्रियों को स्वयं करना होगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
सिद्धगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
महेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेलजिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Shahnaz
Designer Salwar Suit, Lancha, Dress Materials
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010